उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No.: 980/2021 दिनांक/Date : 30/09/2021

संवाद–160

विषयः–सहायक अध्यापक(एल0टी0) कला विषय हेतु अर्हता की व्याख्या के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 08 अगस्त, 2021 को सहायक अध्यापक(एल0टी0) के पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया।

उक्त लिखित परीक्षा में 14 विषय शामिल थे, जिसमें कि सहायक अध्यापक(एल0टी0) कला विषय के पद पर फाईन आर्ट एवं विजुअल आर्ट(पेन्टिंग, एप्लाइड आर्ट, स्कल्पचर आदि) के अभ्यर्थियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

अभ्यर्थियों द्वारा आयोग को ईमेल व पत्राचार के माध्यम से कला विषय हेतु अर्हता के स्पष्टीकरण के संबंध में अनुरोध किया जा रहा है। अभ्यर्थियों के अनुरोध के कम में स्पष्ट करना है कि शिक्षा विभाग द्वारा उत्तराखण्ड अधीनस्थ शिक्षा(प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी)(संशोधन) सेवा नियमावली, 2021 में सहायक अध्यापक(एल0टी0) कला विषय की शैक्षिक अर्हता की व्याख्या निम्नवत की गयी है :–

1. सहायक अध्यापक(एल0टी0) कला हेतु शैक्षिक अर्हता पेटिंग(फाईन आर्ट) अर्हता में पेटिंग फाईन आर्ट का ही एक भाग है। अतः पेटिंग के साथ–साथ फाईन आर्ट में उपाधि धारक अभ्यर्थी भी उक्त परीक्षा हेतु पात्र होंगे।
2. सहायक अध्यापक(एल0टी0) कला हेतु शैक्षिक अर्हता पेटिंग(फाईन आर्ट) अर्हता में पेटिंग(विजुअल आर्ट) में पेटिंग, विजुअल आर्ट का एक हिस्सा है। अतः पेटिंग के साथ–साथ विजुअल आर्ट उपाधि धारक अभ्यर्थी भी उक्त परीक्षा हेतु पात्र होंगे।
3. इस संबंध में नियमावली में उल्लिखित है कि सम्बंधित विषय स्नातक के सभी वर्ष/सेमेस्टर में होना अनिवार्य है। यह व्याख्या यथावत अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ प्रकाशित की जा रही है।

आयोग की ओर से,

(संतोष बडोनी)
सचिव।

निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, एयरपोर्ट रोड़, देहरादून। टोल फ्री नं.–9520991174
Near Maharana Pratap Sports College, Airport Road, Raipur, Dehradun. Toll free No. 9520991174
Website : www.sssc.uk.gov.in, Email:chayanayog@gmail.com